हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2020/27 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 26

पदपूर्ति

***3262 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आई0टी0आई0 सैंज में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) सरकार इस आई0टी0आई0 में नए पद सृजित करने व अन्य ट्रेड शुरू करने का विचार रखती है; और

(ग) इस आई0टी0आई0 के नए भवन का निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

अग्निशमन केन्द्र

***3263 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा के जनजातीय क्षेत्र पांगी व किलाड़ में सरकार अग्निशमन केन्द्र खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

हर खेत में पानी

***3264 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत हर खेत में पानी योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित योजनाएं सेल्फ में आ गई हैं; यदि हां, तो कितनी तथा इनके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; और

(ख) नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की इस योजना के अन्तर्गत कितनी योजनाएं ली गई हैं; इनमें से कितनी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं व कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

विधायक क्षेत्रीय विकास निधि

***3265 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा प्रदेश के विकास हेतु विकास खण्डों को विधायक क्षेत्रीय विकास निधि स्थानान्तरित की गई है परन्तु विकास खण्डों द्वारा इस निधि को समयावधि में खर्च नहीं किया गया; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस अप्रयुक्त निधि को वापिस विधायक क्षेत्रीय विकास निधि में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

भाखड़ा विस्थापित

***3266 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा भाखड़ा बांध के ग्रामीण व शहरी विस्थापितों हेतु नई नीति बनाई गई है तथा इस हेतु जिला के विधायकों की एक हाई पावर कमेटी बनाई गई है तथा उन्हें अपनी-अपनी रिपोट्र्स देने के निर्देश जारी किए गए थे; और

(ख) यदि हां, तो क्या विधायकों ने रिपोट्र्स दे दी हैं; रिपोर्टस की प्रति सभा पटल पर रखें?

एफ0आर0ए0

***3267 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में FRA Permissions और green felling बन्द है; यदि हां, तो कब से तथा इनके बन्द होने के क्या कारण हैं; और

(ख) सरकार कब से FRA Permissions देने का विचार रखती है?

Appointment On Compassionate Ground

***3268 Sh. Rajinder Rana(Sujanpur) :**
Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :
Sh. Rakesh Singha(Theog) :
Sh. Vinay Kumar(Sri Renukaji) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is true that 5% of the total cadre can be appointed on Compassoinate Grounds under Kith and Kin Policy;

(b) if yes, whether Government will consider to increase the percentage or relax the 5% condition; and

(c) how much appointements have been made in the various Departments in the State during the last one year and how many applications are still pending;

Department-wise details be given name and designation-wise?

Water Supply Schemes

***3269 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position regarding construction of new Water Supply Schemes to Shillai and adjoining villages; details be given; and

(b) have the funds been sanctioned; if not, to which funding agency has the DPR been sent and by when it will be sanctioned; details be given?

पदपूर्ति

***3270 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पशुपालन विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

गोविन्द सागर झील

***3271 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार गोविन्द सागर झील से सिंचाई व पेयजल योजनाएं बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

इण्डोर स्टेडियम

***3272 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत इण्डोर स्टेडियम के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत हुई थी; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

Changes in R&P Rules

***3273 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether the Government is considering changes in R&P rules to give seniority to employees from actual date of joining as contractual employees; and

(b) if yes, what steps in this direction have been taken by the Government?

बस सेवा

***3274 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सोलन से मानवा बस सेवा को बंद कर दिया गया है; यदि हां, तो इस बस सेवा को पुनः आरम्भ करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

झील सौंदर्यकरण/हैली पैड निर्माण

***3275 श्री इन्द्र सिंह(बल्ह) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रिवाल्सर में कुंतभ्यो व नलसर झील बल्ह को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है तथा इन झीलों के सौंदर्यकरण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) ग्राम पंचायत दूसरा खाबू में थिन्ना हैलीपैड व नगर परिषद नेरचौक के ढांगू स्योहली हैलीपैड के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है?

बैच वाइज काउंसलिंग

***3276 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जिलों में जे0बी0टी0 की बैच वाइज काउंसलिंग निर्धारित समयानुसार करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***3277 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर व पांगी में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरा-मैडिकल स्टाफ के कितने पद रिक्त हैं तथा सरकार इन पदों को भरने हेतु क्या पग उठा रही है?

पद सृजन

***3278 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा ए तथा बी श्रेणी के उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक) कार्यालय में उप-मण्डलीय कानूनगो (SDK) के पद का सृजन किया गया है परंतु सी-श्रेणी के उप-मण्डलाधिकारी कार्यालय (नागरिक) में इस पद को सृजित नहीं किया गया है; और

(ख) सरकार सी-श्रेणी के उप-मण्डलीय अधिकारी (नागरिक) कार्यालय में भी उप-मंडलीय कानूनगो (SDK) के पद को सृजित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं ,तो कारण?

मशोबरा-रामनगरी-क्यारकोटी सड़क

*3279 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि मशोबरा-रामनगरी-क्यारकोटी सड़क की सोलिंग उखड़ चुकी है; यदि हां, तो इसकी मैटलिंग/टारिंग कब तक कर दी जाएगी; और

(ख) सरकार इसे चौड़ा करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

उठाऊ पेयजल योजना माकड़ी

*3280 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत माकड़ी से उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण किया जा रहा है इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

मण्डल कार्यालय

*3281 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल शक्ति विभाग का मण्डल कार्यालय नहीं है; यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित कर दिया जाएगा?

आवास आवंटन

*3282 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक वर्ग-III व IV के कितने आवास बिना बारी के आवंटित किए गए; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में कितने लोगों के आवास परिवर्तन के मामले निपटाए गए; और

(ग) एक बार से अधिक वर्ग परिवर्तन के मामलों की संख्या कितनी है; ब्यौरा दें?

Misappropriation of Funds

***3283 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many complaints of misappropriation of funds in the Panchayats under Theog and Narkanda Blocks have been recieved; complainant-wise details be given; and

(b) what steps have been taken by the Government to investigate the complaints?

मत्स्य अवतरण केन्द्र

***3284 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बिलासपुर नगर में गोविन्द सागर झील में मत्स्य अवतरण केन्द्र की सुविधा नहीं है;

(ख) यदि हां, तो यह सुविधा कब तक प्रदान कर दी जाएगी; और

(ग) सरकार बिलासपुर में मत्स्य पालन विभाग के विश्राम गृह में अतिरिक्त कमरे बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

फिल्टर टैंक

***3285 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा निर्मित फिल्टर टैंक ऊपर से खुले हैं; और

(ख) सरकार इन टैंकों को ढकने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***3286 श्रीमती रीना कश्यप(पच्छाद) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हाब्बन व उच्च विद्यालय थैना बसोतरी के भवनों के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) इन भवनों के कार्य शुरू न होने के क्या कारण हैं तथा यह कार्य कब तक आरम्भ कर दिए जाएंगे ; ब्यौरा दें?

ई-किसान भवन

***3287 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ई-किसान भवन व टोमेटो सॉस सैंटर का निर्माण कब तक कर दिया जाएगा तथा इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 02 सितम्बर, 2020. **सचिव।**